एशियिन वाटर बर्ड्स सेंसस 2022

चर्चा में क्यों?

- 12 फरवरी, 2022 को लातेहार ज़िले के ललमटिया डैम में झारखंड वन विभाग द्वारा तथा खूंटी के कर्रा स्थित लतरातू डैम में वेटलैंड इंटरनेशनल की सहभागिता से झारखंड जैव विविधिता पर्षद द्वारा एशियिन वाटरबर्ड सेंसस 2022 के तहत एशियाई जल पक्षियों की गणना की गई।

प्रमुख बिंदु

- गणना के दौरान कॉमन किंगफिशिर, रेड नेप्ड आईबिस, ओपन बिल स्टॉर्क, कॉमन कॉर्मोरेंट आदि प्रजातियाँ पाई गईं।
- गौरतलब है कि ठंड के मौसम में विभिन्न प्रजाति के प्रवासी पक्षी लातेहार ज़िला के जलाशयों को अपना आश्रय बनाते हैं।
- इस अवसर पर लालमटिया डैम में बर्ड वाचिंग टावर बनाने तथा इको टूरिज़्म को विकसित करने पर चर्चा की गई। साथ ही लालमटिया डैम के सौंदर्यीकरण कार्य का निरीक्षण एवं लालमटिया डैम में कैफेटेरिया निर्माण हेतु स्थल का अवलोकन किया गया।
- लातेहार ज़िला अपनी प्राकृतिक सुंदरता के लिये प्रसिद्ध है जैसे कांती झरना, इंद्रा जल झरना आदि।

PDF Refernece URL: https://www.drishtiias.com/hindi/printpdf/asian-water-birds-census-2022